राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्स: 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक:– 449 /241/NULM/तीन/2001(SUSV) दिनांक 23-6-2016

सेवा में,

1. **जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
   जिला नगरीय विकास अभिकरण
   गाजियाबाद (लोनी), मथुरा, शाहजहांपुर, रामपुर, मऊ, फर्रूखाबाद, हापुड़, इटावा, मिर्जापुर, बुलन्दशहर, सम्भल, अमरोहा, हरदोई, फतेहपुर, रायबरेली, जालौन (उरई), बहराइच, जौनपुर, उन्नाव, सीतापुर एवं फैजाबाद उ0प्र0।

2. **शहर परियोजना अधिकारी/परियोजना निदेशक**
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई/जिला नगरीय विकास अभिकरण
   लोनी (गाजियाबाद), मथुरा, शाहजहांपुर, रामपुर, मऊ, फर्रूखाबाद, हापुड़, इटावा, मिर्जापुर, बुलन्दशहर, सम्भल, अमरोहा, हरदोई, फतेहपुर, रायबरेली, उरई (जालौन), बहराइच, जौनपुर, उन्नाव, सीतापुर एवं फैजाबाद उ0प्र0।

विषय:–दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक शहरी पथ विक्रेताओं हेतु सहायता योजना (SUSV) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 में शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार किये जाने के संबंध में।

महोदया/महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र सं0– 393/241/NULM/तीन/2001(SUSV) दिनांक 26.05.2016 का सन्दर्भ ग्रहण करे, जिसमें 'शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना' (SUSV) के अन्तर्गत पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण, पहचान पत्र, पथ विक्रेता प्लान, विस्तृत क्रियान्व्यन प्लान, विभिन्न प्रकार के वेंडिंग जोनों का निर्धारण कार्यों आदि के सम्पादन के लिए चयन की पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए परामर्शी एजेन्सी का चयन कर प्रस्ताव राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति के विचारार्थ प्रस्तुत करने का उल्लेख किया गया है। पत्र के साथ आर0एफ0पी0 का माडल ड्राफ्ट भी संलग्न किया गया है, जिसके अनुरूप निविदायें आमन्त्रित की जानी है।

उक्तानुसार निविदा/आर0एफ0पी0 की प्रक्रिया और प्रस्ताव में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाये रखने के दृष्टिकोण से परामर्शी संस्था/एजेन्सी के चयन तथा तकनीकी वित्तीय प्रस्तावों को खोलने, विचार विमर्श करें और संस्तुति देने और एतद् सम्बन्धी अन्य कृत्यों के सम्पादन के लिए निम्नानुसार समिति का गठन किया जाय–

1. अपर जिलाधिकारी (जो सी0पी0ओ0 का कार्य सम्पादन करते हों)	अध्यक्ष,
2. अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद प्रस्ताव जहां से सम्बन्धित हो	सदस्य सचिव
3. परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण	सह सदस्य सचिव
4 सिटी मिशन मैनेजर	सदस्य
5. अभियन्ता, **जिला** नगरीय विकास अभिकरण	सदस्य

उक्त समिति परामर्शी संस्था/एजेन्सी के चयन की प्रक्रिया पूर्ण कर प्रस्ताव जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण को प्रस्तुत करेगी। उपरोक्त प्रस्ताव जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा अपनी संस्तुति सहित राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति के विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रेषित किया जायेगा।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0।
3. सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद।
4. सम्बन्धित परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी।
5. सम्बन्धित शहरों के सिटी मिशन मैनेजर।
6. सहायक वेबमास्टर सूडा को वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक